भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 10

दिनांक 02 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केरल में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

10. श्री एम.के. राघवन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास कालीकट में प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थिति के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार के पास केरल में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत संवितरण दर के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या केरल में पीएमएमवीवाई के अंतर्गत लाभों के संवितरण में कोई विलंब हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या केंद्रों की उपलब्धता के अन्तर को ध्यान में रखते हुए देश के विभिन्न भागों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थानों (एम्स) की स्थापना की जा रही है । इस योजना के अंतर्गत आदिनांक अनुलग्नक-I में दिए गए विवरण के अनुसार 22 एम्स की संस्वीकृति दी जा चुकी है ।

(ख): महिला और बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत पीएमएमवीवाई के शुरू होने से दिनांक 29-01-2024 तक पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या, लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों की संख्या और भुगतान की गई कुल धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

क्र सं	जिले	लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थी	भुगतान की गई धनराशि
	कुल	985585	4384081000
1	अलप्पुझा	57198	247984000
2	एर्नाकुलम	76226	329437000
3	इडुक्की	25069	107960000
4	कन्नूर	88699	402594000
5	कासरागोड	40665	183000000
6	कोल्लम	79849	363776000
7	कोट्टायम	40164	175419000
8	कोझिकोड	99397	437649000
9	मलप्पुरम	159696	703234000
10	पलक्कड़	84371	384097000
11	पथानामथिट्टा	26309	111578000
12	तिरुवनंतपुरम	95519	429456000
13	थिरूसुर	90278	409211000
14	वायनाड	22145	98686000

(ग) केरल समेत सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या और मातृत्व लाभ प्राप्त लाभार्थियों की संख्या में सदैव एक अंतर रहता है । इस अंतर के कारणों में अन्य बातों के साथ-साथ, लाभार्थियों ने अभी तक बच्चे को जन्म न दिया हो या प्राप्त करने की शर्तें जैसे बच्चे के जन्म का पंजीकरण, सार्वभौमिक टीकाकरण करना आदि को अभी तक पूरा नहीं किया हो ।

अनुलग्नक-I

<u>पीएमएसएसवाई के तहत 22 नए एम्स को मंजूरी</u>

क सं	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एम्स का स्थान
1	आंध्र प्रदेश	मंगलगिरी
2	असम	गुवाहाटी
3	बिहार	दरभंगा
4		पटना
5	छत्तीसगढ	रायपुर
6	गुजरात	राजकोट
7	हरियाणा	रेवाड़ी
8	हिमाचल प्रदेश	बिलासपुर
9		विजयपुर, सांबा, जम्मू
10	जम्मू एवं कश्मीर	अवंतीपोरा, पुलवामा, कश्मीर
11	झारखंड	देवघर
12	मध्य प्रदेश	भोपाल
13	महाराष्ट्र	नागपुर
14	ओडिशा	भुवनेश्वर
15	पंजाब	बठिंडा
16	राजस्थान	जोधपुर
17	तमिलनाडु	मदुरै
18	तेलंगाना	बीबीनगर
19	उत्तर प्रदेश	रायबरेली
20		गोरखपुर
21	उत्तराखंड	ऋषिकेश
22	पश्चिम बंगाल	कल्याणी

*****